# फफूँद

## *न्यू जर्सी निवासियों के लिए दिशानिर्देश*



### फफूँद की जाँच और उपचार को समझना

- *मुझे किन सेवाओं के लिए पूछना चाहिए ?*
- *महत्वपूर्ण निरीक्षण प्रक्रियाएं क्या हैं?*
- *क्या फफूँद के नमूने लेना मददगार होता है?*
- *फफूँद के निरीक्षण और उपचार द्वारा कौनसी जानकारी प्रदान की जानी चाहिए?*

न्यूजर्सी स्वास्थ्य विभाग
न्यू जर्सी स्वास्थ्य विभाग
उपभोक्ता, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा
उपभोक्ता, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य मूल्यांकन कार्यक्रम
पोस्ट बॉक्स 369
ट्रेन्टन, न्यू जर्सी 08625-0369

फोन: 609-826-4950
फैक्स: 609-826-4975
वेबसाइट: www.nj.gov/health/iep

## विषय-सूची


उद्देश्य ....................................................................................................1

फफूँद की परिभाषा ......................................................................................1

फफूँद कैसे उगती है ....................................................................................1

फफूँद का रूप-रंग.........................................................................................2

फफूँद को समझना........................................................................................2

स्वास्थ्य संबंधित मुद्दे .....................................................................................3

जोखिम का आंकलन ....................................................................................4

फफूँद को पहचानना ....................................................................................4

एक सलाहकार या उपचार ठेकेदार को हायर करने के लिए

बुनियादी युक्तियाँ ........................................................................................5

अनुरोध की जाने वाली सेवाएँ.........................................................................6

संपूर्ण दृश्यात्मक निरीक्षण और आंकलन क्यों आवश्यक है ..................................7

पानी घुसने की समस्या को ठीक करना और एक फफूँद उपचार योजना बनाना ...............7

फफूँद के नमूने लेना कब आवश्यक है.............................................................8

नमूने लेने की योजनाएँ ................................................................................9

फफूँद के निरीक्षण और आंकलन के परिणाम स्वरूप प्रदान की जाने वाली

जानकारी ................................................................................................10

सुधारात्मक कार्रवाईयाँ.................................................................................11

फफूँद किसे हटानी चाहिए............................................................................11

निरीक्षण सेवा जाँच सूची ..............................................................................12

उपचार.....................................................................................................13

फफूँद उपचार जाँच सूची...............................................................................13

संदर्भ ......................................................................................................14

## उद्देश्य



इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य न्यू जर्सी के निवासियों की फंफूँद से संबंधित बुनियादी बातें समझने, फफूँद को सुरक्षित तरीके से हटाने, और आवश्यक होने पर फफूँद सलाहकार या उपचार ठेकेदार को चुनने में मदद करना है। ये दिशानिर्देश आवासीय इमारतों के लिए हैं। अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी (US EPA) द्वारा http://www.epa.gov/mold/pdfs/moldremediation.pdf पर उपलब्ध कराए गए हैं।

## फफूँद की परिभाषा

फफूँद कवक होती हैं जो पर्यावरण में प्राकृतिक रूप से पैदा होती हैं। न्यू जर्सी में फफूँद की कई अलग-अलग प्रजातियाँ मौजूद हैं। फफूँद मृत पदार्थों को तोड़ने और उन्हें वापस कार्बनिक पदार्थ में परिवर्तित करने में मदद करती है, जिसका उपयोग जीवित जीवों द्वारा किया जाता है।

## फफूँद कैसे उगती है

फफूँद उन पदार्थों को पचाकर और नष्ट करके पनपती है जिन पर ये लगती हैं। ये लगभग कहीं भी पायी जा सकती हैं और परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर ये किसी भी पदार्थ पर लग सकती हैं। अनुकूल परिस्थितियों के लिए इन्हें पोषक तत्वों (ऑक्सीजन और नमी) और ऐसे पदार्थ की जरूरत होती है जिस पर ये पनप सकें।

*फफूँद उन पदार्थों को पचाकर और नष्ट करके पनपती है जिन पर ये उगती हैं।*

फफूँद जीवाणु बनाते हुए पुनः उत्पन्न होती है। ये जीवाणु इमारत के बाहर और अंदर दोनों ओर फैलते हैं। यदि जीवाणु किसा उपयुक्त पदार्थ के संपर्क में आ जाएँ और परिस्थितियाँ अनुकूल हों, तो फफूँद बनना शुरू हो जाएगी।

## फफूँद का रूपरंग


फफूंद कॉलोनियों में विकसित होती है और इनका विकास विभिन्न आकारों एवं रंगों में हो सकता है। कुछ फफूंद गोलाकार हो सकती हैं जबकि अन्य किसी क्षेत्र पर लगने के लिए विकसित हो सकती हैं और फैल सकती हैं। फफूँद का रंग भूरा, पीला, हरा या काला हो सकता है। इनका रूपरंग मौजूद फफूँद की प्रजाति पर निर्भर करता है।



## फफूँद को समझना

हालांकि फफूँद हर जगह मौजूद होती हैं, फिर भी जब ये घरों और इमारतों के अंदर लगना शुरू हो जाती हैं तो समस्या बन जाती है। ड्राइवाल, छत की टाइलों और लकड़ी के फ्रेमों जैसी कई इमारती सामग्रियों में सैलूलोज़ होता है। यह एक ऐसा पदार्थ है जिस पर फफूँद लग सकती है।

चूंकि फफूँद इमारती सामग्रियों पर लगती हैं, ये विनाशकारी हो सकती हैं। फफूँद छत के ऊपर, दीवारों के पीछे, अटारी और तलघर या क्रॉल स्पेस में, नज़र में आए बिना लग सकती हैं। फफूँद से दीवारों और छत पर दाग धब्बे लग सकते हैं और इससे इमारत की कीलें और शहतीरें टूट सकती है जिससे संपत्ति को व्यापक नुकसान पहुँच सकता है।



***नमी नहीं = फफूँद नहीं***

अत्यधिक नमी फफूँद लगने का मुख्य कारण है। अधिक नमी के स्रोत पाइप लाइनों में रिसाव, छतें या खिड़कियाँ टपकना, उच्च आर्द्रता, पानी आना, कम तापावरोधन के कारण दीवारों के भीतर संक्षेपन (कंडेनसेशन) हो सकते हैं।

## स्वास्थ्य संबंधित मुद्दे



**यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यदि आपको संदेह है कि फफूँद के संपर्क में आने के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, तो आपको अपने चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।**

**सबसे अधिक जोखिम पर मौजूद लोग:**

- ऐसे लोग जिन्हें पहले से स्वास्थ्य संबंधित समस्या है (एलर्जी; दमा या वातस्फीति (ऐम्फीसेमा) जैसे फेफड़ों के रोग हैं)
- नवजात
- वृद्ध

**सामान्य स्वास्थ्य प्रभावों में शामिल हैं:**



- एलर्जिक दुष्प्रभाव—छींक, नाक बंद होना
- नाक, गले और श्वसन तंत्र में जलन
- अस्थमा के हमले
- अतिसंवेदनशील निमोनिया

फफूँद अपने सामान्य जीवन चक्र के भाग के रूप में बीजाणु और रसायन छोड़ती है तथा इन पदार्थों के संपर्क में आने पर किसी को दुष्प्रभाव हो सकते हैं। फफूँद के बीजाणु अति सूक्ष्म आकार के होते हैं और एक बार हवा में फैलने के बाद आसानी से साँस में जा सकते हैं। इन बीजाणुओं में एलर्जी पैदा करने वाले तत्व हो सकते हैं, जिनसे नाक, गले और श्वसन तंत्र में जलन हो सकती है।

एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के अलावा, फफूँद सूक्ष्मजीवी वाष्पशील कार्बनिक यौगिक *(MVOC's)* भी उत्सर्जित कर सकती हैं। इन रसायनों मे आमतौर तीखी और बदबूदार गंध आती है जो सीलनदार गंध जैसी होती है जिसे आप फफूँद की मौजूदगी से जोड़ते हैं। हवा में छोड़े जाने पर, ये रसायन साँस या त्वचा के माध्यम से अंतर्ग्रहित या अवशोषित हो सकते हैं। MVOC उत्तेजक के रूप में कार्य कर सकते हैं और इनका सम्बन्ध सिरदर्द, जी घबराना, चक्कर आना या थकावट से है।

**नोटः कुछ फफूँदों के अन्य की तुलना में अधिक गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यदि आप ऐसे गंभीर दुष्प्रभावों का अनुभव कर रहे हैं, जो आपके प्रभावित क्षेत्र से बाहर आने पर हलके पड़ जाते हैं, तो आपको ऐसे घर, अपार्टमेंट या अन्य प्रकार की इमारत, जहाँ यह समस्या मौजूद है, में रहने के औचित्य के बारे में अपने चिकित्सक और परामर्शदाता से बात करनी चाहिए।**

## जोखिम का आकलन

कुछ ऐसे कारक होते हैं जिनका उपयोग यह आकलन करने के लिए किया जा सकता है कि स्वास्थ्य को कोई बढ़ा हुआ खतरा मौजूद हो सकता है या नहीं। इन कारकों में शामिल हैं:





- लोगों में फफूँद के प्रति संवेदनशीलता का मूल्यांकन (बच्चे, वृद्ध और पूर्व में स्वास्थ्य संबंधित समस्या से ग्रसित लोग संभावित रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं)
- फफूँद लगने की सीमा
- फफूँद लगने की स्थिति

## फफूँद को पहचानना

अपने घर में फफूँद को पहचानने की शुरूआत एक संपूर्ण दृश्यात्मक निरीक्षण के साथ की जानी चाहिए। यह निरीक्षण मकान मालिक या किसी योग्य पर्यावरण सलाहकार द्वारा किया जा सकता है।

अत्यधिक नमी फफूँद लगने का हमेशा एक महत्वपूर्ण कारण होती है। पानी के रिसाव और अत्यधिक नमी के अन्य स्रोतों के लिए ढांचे की जाँच करें। फफूँद की बढ़त तलाशने के लिए यह पहला स्थान है। फफूँद ऐसी इमारती सामग्री पर अच्छी तरह बढ़ती है जिसमें सेलूलोज होता है। इसलिए, फफूँद के चिह्न देखने के लिए ऐसी सभी इमारती सामग्रियों (अर्थात छत की टाइलों, जिप्सम बोर्ड, खूंटियों, लकड़ी के उत्पाद आदि) का बारीकी से निरीक्षण किया जाना चाहिए, जिनमें सेलूलोज़ होता है।

**फफूँद कहाँ ढूँढें:**



- ऐसा क्षेत्र जहाँ नमी मौजूद है या पानी भर चुका है।
- तहखाने, क्रॉल स्पेस, अटारियाँ।

**क्या देखें:**

- दीवारों या छत का रंग खराब होना जो बढ़ता जाए या रंग बदल ले।
- तीखी, बासी गंध।

## किसी सलाहकार या उपचार ठेकेदार की सेवाएं लेने के लिए सुझाव

- कंपनी के प्रतिनिधि से पूछें कि उनके निरीक्षक ने फफूँद आकलन कार्य के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है या नहीं (सलाहकार लाइसेंसिंग, पृष्ठ 7 देखें)।



- ठेकेदार से इस प्रकार का कार्य करने के उनके इतिहास और समान प्रकार की परियोजनाओं के लिए संदर्भ के बारे में पूछें।

- अलग-अलग कंपनियों से अनुमानित लागत का पता करें, क्योंकि वे काफी भिन्न हो सकती हैं। सुनिश्चित करें कि सभी ठेकेदार एक ही कार्य पर बोली लगा रहे हैं। अनुमान विस्तृत होना चाहिए और इसमें प्रदान की जाने वाली सभी सेवाएँ शामिल होनी चाहिए। सेवाओं में नमूने, डिज़ाइन, प्रतिस्थापन, क्षति की मरम्मत आदि शामिल हो सकती हैं। सुनिश्चित करें कि ठेकेदार फोन पर ही अनुमानित लागत बताने के बजाय कार्य स्थान पर आए। उस अनुमान से सावधान रहें जो दूसरों की तुलना में काफी कम हो। कम अनुमानित लागत का मतलब यह नहीं है कि ठेकेदार अच्छा काम नहीं करेगा, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप संदर्भ जाँचें और इस बारे में एक लिखित विवरण प्राप्त करें कि काम शुरू करने से पहले क्या किया जाएगा।

- प्रत्येक ठेकेदार से बात करें और ठीक से जान लें कि वे काम पर क्या करेंगे। यदि कुछ सही नहीं लगता है, तो ठेकेदार का चयन करने से पहले, जो कार्य किया जाना है उसके औचित्य के विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करें। यदि आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि काम स्थानीय बिल्डिंग कोड नियमों के अनुपालन में है, तो ठेकेदार को काम शुरू करने की अनुमति देने से पूर्व स्थानीय बिल्डिंग कोड ऑफिस से संपर्क करें।

- पता करें कि ठेकेदार के पास किस प्रकार का देयता बीमा है। पूछें कि यह किस प्रकार का बीमा है, यह क्या क्या कवर करता है और बीमा व्याप्ति (कवरेज) की राशि कितनी है। यदि आप इस बारे में निश्चित नहीं हैं की बीमा क्या कवर करता है, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फफूँद या सूक्ष्मजीवी कार्य को कवर करता है।

## किसी सलाहकार या उपचार ठेकेदार की सेवाएं लेने के लिए सुझाव (जारी)

- इस पर ध्यान दें कि पूछताछ और बोली प्रक्रिया के दौरान ठेकेदार से आपको कैसी प्रतिक्रिया मिलती है। क्या ठेकेदार ने आपकी कॉल का समय पर जवाब दिया? क्या वह समय पर आया/आयी? क्या उसने आपके सभी प्रश्नों के जवाब देने का प्रयास किया या ऐसे संसाधन उपलब्ध कराए जो उन्हें पूरा करते हों? ठेकेदार की सेवाएं लेने से पूर्व इस प्रकार के प्रश्नों के अपने जवाबों पर विचार करें।

- इमारत को फफूँद मुक्त नहीं बनाया जा सकता। ऐसे ठेकेदार से बचें जो आपके घर को फफूँद मुक्त बनाने का दावा करता हो।
- संघीय व्यापार आयोग, उपभोक्ता संरक्षण ब्यूरो और बेहतर व्यवसाय ब्यूरो से यह पता लगाने के लिए संपर्क करें कि कंपनी के विरुद्ध कोई शिकायतें तो दर्ज नहीं थीं। ठेकेदार न्यू जर्सी में लीड या एस्बेस्टस वर्क करने के लिए लाइसेंसधारी भी हो सकता है। आप यह पता लगाने के लिए लाइसेंस कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं कि उन्होंने उस उद्योग में कार्य व्यवहार के उल्लंघन तो नहीं किए हैं। इन कार्यालयों से संपर्क करने के तरीके के बारे अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संदर्भ अनुभाग (पृष्ठ 15) देखें।

- परीक्षण और उपचार के लिए अलग-अलग कंपनियों को आजमाने पर विचार करें। एक ही कंपनी का उपयोग करने से हितों में टकराव पैदा हो सकता है और इससे बचना चाहिए।

- सलाहकार द्वारा एक लिखित निरीक्षण रिपोर्ट दी जानी चाहिए जिसमें निरीक्षण किए गए सभी क्षेत्रों, फफूँद लगने के कारणों, समस्या का ध्यान रखने का तरीका और नमूना परिणाम का सारांश होना चाहिए।

## किन सेवाओं का अनुरोध करें

*पानी घुसने की समस्या को रोकने की योजना का अनुरोध करें* - फफूँद को पूरी तरह हटाए जाने से पहले, पानी के स्त्रोत को ठीक किया जाना चाहिए।




***सिर्फ फफूँद की जाँच करने***

*फफूँद का उपचार करने की योजना का अनुरोध करें* - पानी घुसने की समस्या ठीक होते ही फफूँद का उपचार किया जा सकता है। किसी उपचार ठेकेदार की सेवा लेते समय यह योजना महत्वपूर्ण होगी।

*यदि जाँच की जाए* - पूछें कि क्यों की जाएगी, किस प्रकार की जाँच की जाएगी, और जाँच रिपोर्ट आपको क्या बताएगी।

## संपूर्ण दृश्यात्मक निरीक्षण और आकलन क्यों आवश्यक है?




संपूर्ण दृश्यात्मक निरीक्षण और आकलन ही फफूँद की समस्या की मौजूदगी के बारे में जानकारी प्राप्त करने की एकमात्र महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। दृश्यात्मक निरीक्षण और आकलन में ऐसे स्थानों की जाँच की जाएगी, जो पानी घुसने/रिसाव या अत्यधिक नमी से प्रभावित हो सकते हैं और फफूँद लगने वाले स्थानों को पहचाना जाएगा।

## पानी घुसने की समस्या को ठीक करना और फफूँद उपचार योजना बनाना

यदि दृश्यात्मक निरीक्षण के दौरान फफूँद की समस्या का पता चलता है, तो फफूँद को साफ करने की योजना के साथ पानी/नमी से संबंधित समस्या(ओं) को ठीक करने की योजना बनाने और उसे लागू करने की आवश्यकता होगी। दृश्यात्मक निरीक्षण से प्राप्त की गई जानकारी का किसी पेशेवर सलाहकार की मदद करने के लिए निम्न तरीकों से उपयोग किया जा सकता है:

- ☑ नमी के स्रोत की पहचान करती है, ताकि फफूँद की समस्या को खत्म करने का प्रयास करने से पहले इसे ठीक किया जा सके।
- ☑ फफूँद लगने की सीमा का निर्धारण करने में मदद करती है।
- ☑ आवश्यक होने पर, यह फफूँद के नमूने लेने की कार्यनीति तैयार करने में मदद करती है (अतिरिक्त परीक्षण उचित एवं/या आवश्यक हैं या नहीं यह निश्चित करने के लिए "फफूँद के नमूने लिया जाना और जाँच कब आवश्यक है?" नामक अनुभाग देखें)।
- ☑ फफूँद द्वारा सन्दूषण को कम करने के लिए कार्य योजना बनाने में मदद करती है।
- ☑ यदि फफूँद उत्पन्न करने वाले पानी में मल या अन्य खतरनाक पदार्थ थे, तो उस स्थान का आकलन करने, साफ करने और किटाणुरहित बनाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने होंगे।



## फफूँद के नमूने लेना कब आवश्यक है??

***कृपया ध्यान दें:: यदि दृश्यात्मक निरीक्षण से फफूँद की मौजूदगी का पता चलता है तो अतिरिक्त जाँच की आवश्यकता नहीं है।***



फफूँद की समस्या का पता चलते ही जाँच करने के बजाय नमी की समस्याओं को दूर करने के लिए और फफूँद के संदूषण को साफ करने के लिए संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, यदि दृश्यात्मक निरीक्षण के दौरान फफूँद नहीं पायी जाती है और उसकी मौजूदगी का संदेह है, तो जाँच आवश्यक हो सकती है। यह निर्णय लेते समय नमूने लेने की लागत पर विचार कर किया जान चाहिए कि फफूँद के नमूने लिए जाएं या नहीं। जाँच हमेशा किसी योग्य व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए (सलाहकार लाइसेंसिंग, पृष्ठ 7 देखें)। इसमें आपका स्थानीय स्वास्थ्य विभाग आपकी मदद कर सकता है या आपको किसी ऐसे पर्यावरण सलाहकार से संपर्क करना चाहिए, जिसे फफूँद के संदूषण का मूल्यांकन करने में विशेषज्ञता या अनुभव प्राप्त हो।

फफूँद के नमूने लिया जाना आवश्यक होने पर, नमूने इमारती सामग्रियों, धूल या हवा से एकत्रित किए जा सकते हैं और इनसे फफूँद के संदूषण की सीमा का निर्धारण करने में मदद मिलेगी। फफूँद के नमूने एकत्र करने से सलाहकार को फफूँद की मौजूद प्रजातियों, सांद्रता और यह जानने में मदद मिलती है कि फफूँद सक्रिय रूप से बढ़ रही है या नहीं।

***आमतौर पर, केवल नमूने लेने मात्र से फफूँद की सीमा और समस्या का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक संपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होगी।***

## नमूने लेने की योजनाएं



नमूना लिया जाना आवश्यक होने पर, इसे किसी अन्वेषण के साथ किया जाना चाहिए। इससे इमारत में मौजूदा स्थितियों का सटीक आकलन मिलता है। ऐसा करने के लिए, नमूने लेने की एक विशेष योजना बनायी जानी चाहिए।

सबसे अच्छी नमूना योजनाएं वे होती हैं जिन्हें फफूँद लगने के संदिग्ध स्थानों से नमूने लेने के लिए डिज़ाइन किया गया हो और जिनमें इस बारे में जानकारी शामिल होनी चाहिए कि किसी स्थान से नमूने क्यों लिए गए। सलाहकार द्वारा एकत्रित किए जा सकने वाले विशेष नमूनों में शामिल हैं: *ढेर (बल्क), सतह, धूल और हवा के नमूने।*

अतिरिक्त जाँच में घर में सापेक्ष आर्द्रता का मूल्यांकन और संदिग्ध स्थानों पर इमारती सामग्रियों की नमी की रीडिंग लेना शामिल हो सकता है। संदिग्ध सतहों और इमारती सामग्रियों के बड़े नमूनों की जाँच भी की जा सकती है।



## वह जानकारी जो फफूँद के निरीक्षण और आकलन के परिणाम स्वरूप प्रदान की जानी चाहिए



फफूँद के निरीक्षण और आकलन के परिणामों का अंतिम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए। अंतिम रिपोर्ट में तीन भाग होने चाहिए—किये गए निरीक्षण का सारांश; फफूँद की स्थितियों का सारांश; और नमी की पहचानी गई स्थितियों का सारांश।

रिपोर्ट का प्रत्येक भाग नीचे वर्णित है:

### *निरीक्षण का सारांश*

- किये गए निरीक्षण के दायरे का सारांश और निरीक्षण किये गए स्थानों का उल्लेख प्रस्तुत करता है।
- निरीक्षण और आकलन के लिए उपयोग की गई तकनीकों का विवरण देता है।

### *नमी संबंधित जानकारी का सारांश*

- पानी और/या नमी के प्रवेश के स्त्रोत(तों) की पहचान करता है।
- पानी और/या नमी के प्रवेश से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों का उल्लेख करता है।

### *फफूँद संबंधित जानकारी का सारांश*

- विशिष्ट स्थानों, प्रभावित स्थानों के अनुमानित आकार और फफूँद द्वारा प्रभावित अधःस्तरों (सबस्ट्रेट) सहित पहचानी गई फफूँद की बढ़त का सार।
- फफूँद लगने से प्रभावित स्थानों का आकार स्तरों में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। इससे उपचार योजना बनाने में मदद मिलेगी।
- अन्य  संदूषणों की संभावित मौजूदगी के बारे में जानकारी (विशेष रूप से गंदे पानी के रिसाव या इकट्ठा हुए पानी से)

## सुधारात्मक कारर्वाईयां

यदि फफूँद की समस्या पायी जाती है, तो ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। भविष्य में संपत्ति को और अधिक नुकसान से बचाने और जोखिम रोकने के लिए उपचार करना आवश्यक है। फफूँद के संदूषण का उपचार करने के लिए अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी (USEPA) द्वारा विशेष उपायों का उल्लेख किया गया है। इनमें शामिल हैं:

- ☑ नमी के स्त्रोत को पहचानना और उसे ठीक करना।
- ☑ फफूँद से दूषित सामग्रियों को हटाना और/या साफ करना।
- ☑ किसी भी प्रकार का नवीनीकरण या निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व फफूँद हटाना और सुनिश्चित करना कि क्षेत्र पूरी तरह सूख गया है।

USEPA यह भी ध्यान दिलाता है कि फफूँद को खत्म करना ही नहीं बल्कि उसे साफ करना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मृत फफूँद भी एलर्जिक होती है। USEPA से संपर्क कैसे करें इस बारे में अधिक जानकारी के लिए संदर्भ अनुभाग (पृष्ठ 16 देखें)।


## फफूँद किसे हटानी चाहिए?

यह तय करना हमेशा आसान नहीं होता है कि फफूँद के उपचार का कार्य "किसे" करना चाहिए। फफूँद द्वारा प्रभावित छोटे स्थानों (अर्थात 10 वर्गफीट से कम) में मकान मालिक या



इमारत का रखरखाव करने वाला स्टाफ (अपार्टमेन्ट और कौंडोमिनियम के लिए) यह कार्य करने में सक्षम हो सकते हैं। बड़े स्थानों (अर्थात 100 वर्गफीट से अधिक) के लिए फफूँद या पर्यावरण संदूषण की सफाई का अनुभव रखने वाले योग्य ठेकेदार की सेवाएं ली जानी चाहिए। 10 से 100 वर्गफीट वाले प्रभावित स्थानों के लिए पेशेवर की राय लेनी चाहिए। ठेकेदार का चयन करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 5 देखें।

# निरीक्षण सेवा जाँच सूची



## निरीक्षण

☐ अलग-अलग सलाहकारों से लागत पूछें।

☐ सलाहकार चुनें (पृष्ठ 5 देखें)।

☐ किये जाने वाले काम के लिए एक अनुबंध बनाएँ।

☐ अत्यधिक नमी के स्त्रोत के लिए निरीक्षण किये जाने वाले स्थान।

☐ फफूँद के चिह्नों, अत्यधिक आर्द्रता या अत्यधिक नमी के लिए किन स्थानों का आकलन किया जाना है।

☐ क्या नमूने लिये जाएंगे? यदि हाँ, तो सलाहकारों को इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए कि नमूने क्यों लिये जाएंगे और उन्हें एक नमूना लेने की योजना (यह दर्शाते हुए कि कितने नमूने लिए जाएंगे और कहाँ से लिए जाएंगे आदि) बनानी चाहिए।

☐ यदि फफूँद पायी जाती है और जेब अनुमति देती हो, तो पानी आने वाले स्थानों की मरम्मत कराने, क्षतिग्रस्त सामान और इमारती सामग्रियों को हटाने, फफूँद का उपचार करने, और यह निर्धारित करने के लिए एक उपचार योजना बनायी जानी चाहिए कि उपचार ठेकेदार को उपचार पूरा होने के बाद अंतिम जाँच के लिए कौन से पूर्व-संदूषण स्तर पूरे करने चाहिए।

☐ सुनिश्चित करें कि नमूने लेने या उपचार करने से पूर्व पूरा दृश्यात्मक निरीक्षण किया गया है।

**दृश्यात्मक निरीक्षण के परिणामस्वरूप :**

☐ अत्यधिक नमी का स्त्रोत निर्धारित करें और यह निर्धारित करें कि घर की मरम्मत करने और समस्या का समाधान करने के लिए क्या किया जाना चाहिए।

☐ तय करें कि नमूना लिया जाना/जाँच की जानी चाहिए या नहीं, यदि हाँ, तो किस प्रकार से नमूने लिए जाने चाहिए, कितने नमूने लिए जाने चाहिए और लागत क्या होगी आदि।

**निरीक्षण, जाँच और नमूना लिया जाना पूरे होने के बादः**

☐ सलाहकार से रिपोर्ट समझाने और परिणामों की व्याख्या करने के लिए कहें।

☐ सलाहकार को फफूँद का उपचार करने के लिए एक योजना बनानी चाहिए।

☐ उस समय, आपको फफूँद का उपचार करने वाली फर्म की सेवाएं लेने की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए।

☐ जैसे ही फफूँद का उपचार पूरा हो जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए आगे और जाँच की जानी चाहिए कि घर में फफूँद के स्तर वापस सामान्य (उपचार से पहले निर्धारित) स्तर पर आ गए हैं।

## उपचार

फफूँद के साथ काम करना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए काम चाहे कोई भी करे, ऐसे कार्य व्यवहारों का प्रयोग किया जाना चाहिए जो वहाँ रहने वालों के साथ साथ कर्मचारियों की भी रक्षा करे।

कर्मचारी दस्तानों, श्वास यंत्र, सुरक्षात्मक कपड़ों और चश्मों या किसी प्रकार की आँख सुरक्षा द्वारा रक्षित होने चाहिए। साथ ही, अन्य क्षेत्रों में फफूँद फैलने से रोकने के लिए कार्य क्षेत्र को सुरक्षित करने की जरूरत हो सकती है।

जनता के लिए एक सेवा के रूप में, NJ DOH ऐसी कंपनियों की सूची रखता है जो फफूँद संदूषण का मूल्यांकन करने और फफूँद उपचार के कार्य में मदद कर सकती हैं। उपभोक्ताओं को स्वयं को यह सुनिश्चित करने के लिए शिक्षित करना चाहिए कि कार्य करने के लिए जिस ठेकेदार की सेवाएं ली जा रही हैं वह ठेकेदार योग्यता प्राप्त है। ठेकेदार का चयन करने के तरीकों के बारे में जानकारी के लिए पृष्ठ 5 देखें। NJ DOH सूचियाँ देखने के लिए पृष्ठ 16 पर "*व्यापार फर्म, सलाहकार और उपचार फर्म*" के अंतर्गत लिंक देखें।

## फफूँद उपचार जाँच सूची



☐ अलग-अलग सलाहकारों से लागत पूछें।

☐ सलाहकार चुनें (पृष्ठ 5 देखें)।

☐ किए जाने वाले काम के लिए एक अनुबंध बनाएँ।

☐ सुनिश्चित करें कि आपको इस बारे में पता हो कि क्या किया जाएगा।

☐ सुनिश्चित करें कि ऐसी सभी सुराखदार वस्तुओं (यानि कालीन, कागज़ी वस्तुएं, गद्दी लगा फर्नीचर आदि) को हटा कर नष्ट कर देना चाहिए जिनमें फफूँद लगी हो।

☐ दूषित संरचनात्मक भागों का उपचार किया जाना चाहिए (उपचार की जाने वाली वस्तुओं का उल्लेख आपके सलाहकार द्वारा बनायी गई उपचार योजना में होना चाहिए)।

☐ फफूँद उपचार पूरा हो जाने के बाद, यह सुनिश्चित करने के लिए आगे और जाँच की जानी चाहिए कि घर में फफूँद का स्तर सामान्य सीमा के भीतर है। पुनः निवास करने के लिए किस स्तर को सुरक्षित माना जाएगा इस सम्बन्ध में, समाप्ति से पहले अपने सलाहकार से बात करें।

☐ इमारत के हटाए गए भागों को बदलने के लिए निर्माण शुरू किया जा सकता है।

# संदर्भ

**चित्रः**

कुछ चित्र एयरटैक लेबोरेटरीज़ और ईएमएसएल लेबोरेटरीज़ के सौजन्य से हैं।

**जानकारीः**


- American Conference of Governmental Industrial Hygienists, "Bioaerosols: Assessment and Control" ACGIH, 1330 Kemper Meadow Drive, Cincinnati, OH, 45240, ISBN: 882417-29-1, 1999.
- New York City Department of Health, Bureau of Environmental and Occupational Disease Epidemiology, "Guidelines on Assessment and Remediation of Fungi in Indoor Environments", नवम्बर 2000।
- U.S. Environmental Protection Agency, Office of Air and Radiation, Indoor Environments Division, "Mold Remediation in Schools and Commercial Buildings" EPA 402-K-01-001, मार्च 2001।


**संपर्क जानकारीः**

न्यू जर्सी स्वास्थ्य विभाग उपभोक्ता, पर्यावरण एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य आकलन कार्यक्रम

609-826-4950

न्यू जर्सी सामुदायिक मामलात विभाग, लीड लाइसेंसिंग

609-633-6224

न्यू जर्सी श्रम एवं कार्यबल विकास विभाग, ऐस्बेस्टस लाइसेंसिंग

609-633-2159

## संदर्भ

**वेब पर उपयोगी जानकारी:**

NJ DOH

व्यापार फर्में, सलाहकार और उपचार फर्में:

http://www.nj.gov/health/iep/mold_ta.shtml

अतिरिक्त लिंक:

http://www.nj.gov/health/iep/mold_links.shtml

FTC, उपभोक्ता संरक्षण ब्यूरो

https://www.ftccomplaintassistant.gov/

बेहतर व्यवसाय ब्यूरो

http://www.bbb.org/us/Contact-BBB/

अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी

http://epa.gov/mold/

न्यू जर्सी सामुदायिक मामलात विभाग, स्थानीय बिल्डिंग कोड ऑफ़िस

http://www.state.nj.us/dca/divisions/codes/publications/pdf_ora/muniroster.pdf



NJ Health

New Jersey Department of Health

न्यू जर्सी स्वास्थ्य विभाग
उपभोक्ता, पर्य़ावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा
उपभोक्ता, पर्य़ावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य मूल्यांकन कार्यक्रम
पोस्ट बॉक्स 369
ट्रेन्टन, न्यू जर्सी 08625-0369

फोन: 609-826-4950
फैक्स: 609-826-4975
वेबसाइट: www.nj.gov/health/iep

C2083 (Hindi)